प्रारंभिक संबोधन

अब सभा की बैठक प्रारंभ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, चतुर्दश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर मैं आप सबों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं ।

यह सत्र वर्तमान कार्यक्रमानुसार दिनांक २९ जुलाई,२००९ तक निर्धारित है, जिसमें कुल २४ बैठकें होंगे । वित्तीय कार्य के तहत बजट पर दो दिनों के सामान्य विचार विमर्श के अतिरिक्त १४ दिनों तक विभिन्न विभागों के अनुदानों की मांगों पर विमर्श तथा दो दिन गैर सरकारी कार्यों के निष्पादन हेतु समय निर्धारित है, जिसपर माननीय सदस्यगण विस्तार से अपना विचार प्रकट कर सकेंगे ।

सत्र के दौरान प्रश्नकाल को दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कराने का कार्यक्रम है, जिससे राज्य की अवाम विधान सभा के अतिमहत्वपूर्ण विधायी गतिविधियों तथा उनमें हमारी भूमिकाओं से सीधे रू-ब-रू हो सकेंगे । मेरी कामना है कि बिहार के त्वरित विकास के लिये सत्र के दौरान विचार विमर्श एवं सम्भाषण द्वारा अपना बहुमूल्य सुझाव देकर संसदीय लोकतंत्र की सार्थकता सिद्ध करेंगे ।

माननीय सदस्यगण, वर्तमान सत्र में विभिन्न जिलों के राजकीय एवं राजकीयकृत उच्च विद्यालयों के २०-२० छात्र/छात्राओं को एवं राष्ट्रीय बाल मजदूर परियोजना के तहत मुक्त कराये गये १० बच्चों को प्रत्येक दिन प्रथम पाली की कार्यवाही देखने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है जिससे कि संसदीय एवं विधायी प्रक्रिया की जानकारी छात्र/छात्राओं को प्रत्यक्ष रूप से हो सके ।

आशा एवं विश्वास है कि सदन के सफल कार्य संचालन में आप सबों का सार्थक सहयोग प्राप्त होगा ।